कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-18.01.2025

विषय:- थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा 01 अदद अवैध चाकू व 01 अदद पिस्टल नुमा लाईटर के साथ शातिर अभियुक्त विवेक सिंह गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा 01 नफ़र शातिर अभियुक्त विवेक सिंह पुत्र विरेन्द्र कुमार सिंह निवासी अशोक नगर वाराणसी थाना सारनाथ जनपद वाराणसी को आज दिनांक-18.01.2025 को समय करीब 01.10 बजे सारंग चौराहा थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद नाजायज़ चाकू व 01 अदद पिस्टल नुमा लाईटर बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0038/2025 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
विवेक सिंह पुत्र विरेन्द्र कुमार सिंह निवासी अशोक नगर वाराणसी थाना सारनाथ जनपद वाराणसी, उम्र 49 वर्ष।

गिरफ्तारी/बरामदगी का स्थान, दिनांक व समय- सारंग चौराहा थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से, दिनांक-18.01.2025 को समय करीब 01.10 बजे।

बरामदगी का विवरण- 01 अदद नाजायज़ चाकू व 01 अदद पिस्टल नुमा लाईटर बरामद।

आपराधिक इतिहास-
1-मु0अ0सं0 0038/2025 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
2-मु0अ0सं0 0375/2022 धारा 419,420,467,468 भा0द0वि0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम का विवरणः-
(1)- थानाध्यक्ष विवेक त्रिपाठी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
(2)- उ0नि0प्रशि0 संदीप कुमार शर्मा थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
(3)- उ0नि0 अमृत राज थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
(4)- हे0का0 दिनेश कुमार सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
(5)- हे0का0 सुजीत पाण्डेय थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
(6)- हे0का0 अरविन्द कुमार थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
(7)- का0 कन्हैया थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी